कार्यों की सूचना

LEVEL CROSSING REMOVAL PROJECT

जनवरी में 24/7 होने वाले काम

हम मेल्टन को बूम गेट मुक्त बनाने के लिए मेल्टन में Coburns, Exford और Ferris roads और Truganina में Hopkins रोड पर चार खतरनाक और भीड़भाड़ वाले लेवल क्रॉसिंग को हटा रहे हैं। हम एक नया आधुनिक और सुलभ मेल्टन स्टेशन भी बना रहे हैं।

हम क्या काम कर रहे हैं

हम **मंगलवार, 13 जनवरी सुबह 7 बजे से शनिवार, 24 जनवरी सुबह 4 बजे तक** Coburns Road के पश्चिम से Toolern Creek तक रेल कॉरिडोर के भीतर और आसपास 24/7 निम्न काम करेंगे:

- रेलवे पुल के काम और नए मेल्टन स्टेशन का निर्माण जारी रखना
- ट्रैक के काम और रखरखाव करना
- सिग्नलिंग संरचना, जल निकासी और भूमिगत सेवाओं को स्थापित करना

हम **जनवरी** में नए रेल पुल का निर्माण जारी रखने के लिए Staughton Street और James Melrose Drive के बीच Coburns रोड को भी कुछ समय के लिए बंद करेंगे। विकल्प मार्ग (डिटूर) निर्देशित होंगे। इस काम के होने की तारीखों और समय के लिए **levelcrossings.vic.gov.au/melton** पर 'disruptions' सेक्शन देखें। कृपया पृष्ठ के अगले भाग में नक्शा देखें।

जब हम ये कार्य पूरी करेंगे, तो Ballarat, Ararat और Maryborough लाइनों पर सेवा में बदलाव होंगे, जिसमें **10 जनवरी, शनिवार रात 11 बजे से 23 जनवरी 2026 शुक्रवार की आखिरी सेवा** तक Southern Cross और Bacchus Marsh के बीच ट्रेनों की जगह बस/कोच चलेंगे।

अधिक जानकारी और अपनी यात्रा की योजना बनाने के लिए **transport.vic.gov.au** पर जाएँ। कृपया यात्रा के लिए अतिरिक्त यात्रा समय रखें।

हम कहाँ और कब काम कर रहे होंगे

स्थान	तारीख और समय	गतिविधि
Coburns Road के पश्चिम से Toolern Creek तक रेलवे कॉरिडोर के अंदर और आसपास	**सुबह 7 बजे, मंगलवार 13 जनवरी से सुबह 4 बजे, शनिवार 24 जनवरी**	• रेल पुल के निर्माण कार्य जारी • ट्रैक के कार्य और रखरखाव • नए मेल्टन स्टेशन का निर्माण जारी • सिग्नलिंग उपकरण, ड्रेनेज और भूमिगत सेवाओं की स्थापना • आवश्यकतानुसार समय-समय पर लेन बंद
Coburns Road, Staughton Street और James Melrose Drive के बीच	**सोमवार 12 जनवरी से शनिवार 24 जनवरी तक, आवश्यकतानुसार सुबह 9 बजे से शाम 3 बजे तक**	• नए रेल पुल का निर्माण जारी रखने के लिए Coburns Road बंद

क्या उम्मीद करें

- कार्य **दिन में 24 घंटे** जारी रहेंगे।
- निर्माण वाहनों, शोर, यातायात और क्षेत्र में कामगारों की संख्या में वृद्धि।

levelcrossings.vic.gov.au

1800 105 105 (कभी भी कॉल करें)

levelcrossings@bigbuild.vic.gov.au

अंग्रेज़ी के अलावा अन्य भाषाओं के लिए, कृपया 9209 0147 पर कॉल करें।

यदि आप इस जानकारी को सुलभ प्रारूप में चाहते हैं तो कृपया हमसे संपर्क करें। यदि आपको सुनने या भाषण विकार के कारण सहायता की आवश्यकता है, तो कृपया **relayservice.gov.au** पर जाएँ।

VICTORIA'S BIG BUILD

VICTORIA State Government

- रात के समय होने वाले कार्यों के दौरान प्रकाश व्यवस्था में वृद्धि।
- आवश्यकतानुसार समय-समय पर लेन बंद।

ट्रैफिक प्रबंधन और संकेतक लगाए जाएंगे ताकि आपको इलाके में आने-जाने में मदद मिल सके। घरों, व्यवसायों और स्कूलों तक पहुँच बनाए रखी जाएगी और इसके लिए मार्ग परिवर्तन किए जाएंगे।

हम हर संभव प्रयास करेंगे कि कार्य निर्धारित समय पर पूरे हों; हालांकि तारीखें और समय बदल सकते हैं।

अधिक जानकारी

प्रोजेक्ट के बारे में अधिक जानने के लिए जाएँ **levelcrossings.vic.gov.au/melton** पर

ईमेल अपडेट के लिए **levelcrossings.vic.gov.au/subscribe** पर साइन अप करें और **Geelong–Ballarat–Melton** लाइन के अंतर्गत **Coburns और Exford रोड्स, Melton** चुनें।

यदि आपके कोई प्रश्न हैं या अधिक जानकारी चाहिए, तो कृपया **levelcrossings@bigbuild.vic.gov.au** पर ईमेल करें या हमें **1800 105 105** पर कॉल करें, यह सेवा दिन में 24 घंटे, सप्ताह के सातों दिन उपलब्ध है।

आदर सहित,

मेल्टन लेवल क्रॉसिंग हटाने की परियोजना

अंग्रेज़ी के अलावा अन्य भाषाओं के लिए, कृपया 9209 0147 पर कॉल करें

हिंदी – Hindi	9209 0147	**Mga Tagalog – Tagalog**	9209 0147
Việt Ngữ – Vietnamese	9209 0147	**ਪੰਜਾਬੀ – Punjabi**	9209 0147

अपडेट के लिए साइन-अप करें
levelcrossings.vic.gov.au पर